हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हासिल की गई उपलब्धियों से देश में सामाजिक न्याय मजबूत हुआ है।

1- पी एम --समाजिक सुरक्षा

उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्राकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उन लाखों स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों का फल है जिन्होंने इस बीमारी से लड़ाई लड़ी। श्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन से भी इसमें काफी मदद मिली है। श्री मोदी ने कहा कि इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और बेहतर होगा जिससे भारत हर कदम पर और सशक्त होगा। आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाने का था। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई।

2-पी एम –आपातकाल

उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वह झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया। श्री मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पूर्व आपातकाल थोपे जाने के 50 वर्ष पूरे हुए और देशवासियों ने इसे

संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया। उन्होंने कहा कि हमें उन सभी लोगों का श्रद्धापूर्वक स्मरण करना चाहिए जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया। प्रधानमंत्री ने कहा---

3-पी एम -अटल

इस महीने की 21 तारीख को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में श्री मोदी ने कहा कि दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा -

4- पी एम - स्वास्थ्य के लिए योग

श्री मोदी ने लोगों को फिट्नेस का मंत्र भी दिया।

5- पी एम -Obesity

श्री मोदी ने कैलास मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। उन्होंने कहा कि ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महा अनुष्ठान भी होती हैं।

6-पी एम -यात्रा कैम्प

प्रधानमंत्री ने हाल ही में अंतरिक्ष में गए अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सियम-4 मिशन का जिक्र भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा -

7- पी एम -स्पेस

श्री मोदी ने खादी और हस्तशिल्प का उल्लेख करते हुए वोकल फॉर लोकल का भी आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि जिस तरह भारत क्षेत्रीय, भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है उसी तरह कला, शिल्प और कौशल की विविधता भी हमारे देश की एक बड़ी खूबी है। उन्होंने कहा कि यदि ग्राहक देश में ही बने उत्पाद खरीदें और व्यापारी भारत में बने उत्पादों को बेचें तो आत्मनिर्भर अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी।

=====================